हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 5 मई 2026
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



## खबर संक्षेप



### सेवा संचय ग्रुप ने वृद्धाश्रम में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व राशन सामाग्री किया भेंट

**कोरबा।** समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए सेवा संचय ग्रुप ने कोरबा स्थित नवदृष्टि प्रशांति वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं आवश्यक राशन सामग्री भेंट की। इस पहल से आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी और संतोष की झलक देखने को मिली।

एसबीआई लाईफ मित्रों द्वारा नवगठित सेवा संचय ग्रुप का गठन समाज में जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता करने तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से किया गया है। इस ग्रुप में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस से जुड़े विभिन्न शाखाओं के लाइफ मित्र सदस्य शामिल हैं। ग्रुप के सदस्यों ने आपसी सहमति से यह निर्णय लिया कि चालू वित्तीय वर्ष से अपनी आय से प्रत्येक माह एक निश्चित राशि एकत्रित कर उसे सेवा कार्यों में लगाएंगे। इसी कड़ी में कुछ दिन पूर्व सदस्यों ने नवदृष्टि प्रशांति वृद्धा आश्रम का दौरा कर वहां रह रहे वृद्धजनों से बातचीत की और उनकी आवश्यकताओं का आंकलन किया। वृद्धजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ग्रुप द्वारा आश्रम में मनोरंजन हेतु टीवी, टाटा स्काई डीटीएच, होम थिएटर एवं कुछ दिनों के लिए राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। इन सुविधाओं के मिलने से वृद्धजनों को अब एक साथ बैठकर समय बिताने एवं मनोरंजन का अवसर मिलेगा, जिससे उनका अकेलापन कम होगा। इस अवसर पर आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों ने सेवा संचय ग्रुप के सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए उनके इस प्रयास की सराहना की। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस सेवा कार्य में कोरबा ब्रांच से सुमन बाला साहू, सुमित्रा कर्ष, पुष्पा पैकरा, गोवर्धन साहू; जांजगीर ब्रांच से खगेश्वर प्रसाद साहू, मायाराम तंबोली, रंजेश बंजारे, दिलेश्वर प्रसाद साहू तथा बलौदा बाजार ब्रांच से भागवत राम साहू, मीना चंद्रा, गायत्री बघमार का विशेष योगदान रहा।

### वैष्णव समाज की कार्यकारिणी का हुआ गठन, लोमस बने अध्यक्ष



**कोरबा।** वैष्णव बैरागी समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और सामाजिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक गतिविधियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से वैष्णव बैरागी समाज कोरबा ने लोमस दास बैरागी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना है। वहीं कामेश्वर वैष्णव को उपाध्यक्ष, दिनेश वैष्णव को सचिव तथा नर्मदा वैष्णव को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त अध्यक्ष लोमस दास बैरागी ने कहा कि वे सभी सदस्यों को साथ लेकर पारदर्शिता, समर्पण और सेवा भावना के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग, जरूरतमंद परिवारों की सहायता, समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। उपाध्यक्ष कामेश्वर वैष्णव ने कहा कि संगठन की मजबूती ही समाज की असली शक्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे अध्यक्ष के मार्गदर्शन में टीम भावना के साथ कार्य करते हुए समाजहित के प्रत्येक कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सचिव दिनेश वैष्णव ने समिति की गतिविधियों को योजनाबद्ध तरीके से संचालित करने की बात कही। कोषाध्यक्ष नर्मदा वैष्णव ने वित्तीय पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ दायित्व निभाने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः विमल बैरागी, अखिलेश वैष्णव, युवराज वैष्णव, अजय वैष्णव, सुरेश वैष्णव, शिव वैष्णव, मोहर दास, संतोष दास, ओम प्रकाश, देवकी नंदन, गोपाल दास, हरीश वैष्णव, गजेंद्र वैष्णव, रोहणी वैष्णव, डगे दास, हरी प्रकाश रामायण, गेंद दास, प्रणव वैष्णव, राजेंद्र वैष्णव, जितेंद्र, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### राघव जायसवाल



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार निवासी विजय जायसवाल के भतीजे दीपका निवासी अशोक जायसवाल का बड़ा पुत्र राघव जायसवाल उम्र 39 वर्ष का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया, वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। राघव अपने पीछे माता पिता,भाई बहन,पत्नी दो बच्चे सहित भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए। अंतिम संस्कार दीपका मुक्तिधाम में हुआ अंतिम यात्रा में परिवार, समाज व रिस्तेदार मित्र शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ग्राम पंचायतों...

जनपद सदस्यों ने भी क्यूआर कोड लगाए जाने को लेकर किसी भी तरह का मुद्दा अधिकारियों के सामने नहीं रखा है। इससे जाहिर होता है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि भी क्यूआर कोड लगाए जाने को लेकर रुचि नहीं ले रहे हैं। कुछ जागरुक युवाओं ने सुशासन तिहार में अधिकारियों से पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए जाने की मांग की है।

# वैक्सीन स्टोरेज एवं कोल्ड चैन की जांच करने पहुंची प्रशासन की टीम

## सही दवा शुद्ध आहार थीम पर हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनस्वास्थ्य सुरक्षा एवं गुणवत्तायुक्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रमुख है। इसी उद्देश्य से सही दवा- शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान का संचालन में किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा गठित दल एवं सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में अभियान का द्वितीय चरण जारी है।

द्वितीय चरण के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन, औषधि प्रकोष्ठ कोरबा के औषधि निरीक्षक द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ शासकीय एवं निजी अस्पतालों के वैक्सीन स्टोरेज एवं कोल्ड चैन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निजी स्वास्थ्य संस्थानों एवं वैक्सीन एजेंसियों- श्री तिरुपति



मेडिकल एजेंसी निहारिका, स्वेता हॉस्पिटल स्थित मेसर्स पैसिफिक मेडिकल स्टोर्स रिस्दी, डॉ. एस. के. अग्रवाल चाइल्ड क्लिनिक निहारिका, मेसर्स मधुशील मेडिको निहारिका, मेसर्स कृष्णा हॉस्पिटल मंगलम विहार, एनकेएच हॉस्पिटल कोसाबाड़ी तथा शासकीय संस्थानों में जिला अस्पताल वैक्सीन स्टोरेज सेंटर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानी धन कुंवर (पुराना बस स्टैंड) में वैक्सीन स्टॉक एवं भंडारण व्यवस्था की विस्तृत जांच की गई। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन के उचित तापमान में संधारण, क्रय-विक्रय दस्तावेजों की जांच एवं स्टॉक मिलान किया गया। कुछ वैक्सीन सेंटर में फ्रिज से जुड़े अलार्म सिस्टम सही तरीके से कार्यरत नहीं पाए गए, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। सभी केंद्रों को वैक्सीनेशन उपरांत संभावित दुष्प्रभावों हेतु पंजी संधारित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। अगामी दिनों में अभियान के अंतर्गत कोटपा के तहत चालानी कार्यवाही, नशीली औषधियों के दुरूपयोग रोकने हेतु मेडिकल स्टोर्स की जांच एवं व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जाएगी। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में औषधि एवं वैक्सीन वितरण प्रणाली पूर्णतः पारदर्शी, सुरक्षित एवं मानक अनुरूप बनी रहे।

## सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम कनकी में लगाया गया शिविर

# योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों को पहुंचाने का माध्यम है सुशासन तिहार : पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के तहत ग्राम कनकी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों ने भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। मत्स्य, पंचायत, राजस्व, खाद्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कँवर ने कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी पहल है। उन्होंने कहा कि गाँव, गरीब और किसान को योजनाओं का लाभ सीधे उनके गाँव में ही उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से साइबर क्राइम से सतर्क रहने, अनावश्यक रूप से पेड़ न काटने तथा अधिक से



सुशासन तिहार पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष व जनपद सदस्य एवं ग्रामीण।

अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अशोक बाई कँवर ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाएँ जनता तक आसानी से पहुँच सकें, इसी उद्देश्य से प्रत्येक क्षेत्र में शिविर लगाए जा रहे हैं। जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत कनकी में आयोजित यह शिविर सरकार की जनकेन्द्रित सोच का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अब किसी भी छोटे-बड़े कार्य के लिए ग्रामीणों को जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है जनपद पंचायत करतला के सीईओ ने बताया कि जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 962 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 182 का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। शिविर में कई विभागों से हितग्राहियों को अतिथियों के द्वारा सामग्रियों एवं प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत सलिहाभाठा को टीबी मुक्त ग्राम घोषित करने पर स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट किए। शिविर में 3 हितग्राहियों को किसान किताब, 1 हितग्राही को आइस बॉक्स, 1 हितग्राही को ग्रोथ प्रमोटर, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 हितग्राहियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। महात्मा गांधी नरेगा से लाभार्थियों को जॉब कार्ड दिए गए। खाद्य विभाग ने 5 लोगों को राशन कार्ड प्रदान की गई।

### पिपरिया एवं ईरफ में आज लगेगा शिविर

सुशासन तिहार अंतर्गत आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 5 मई को प्रातः 11 बजे से पोंड़ीउपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पिपरिया और पाली विकासखंड के ग्राम ईरफ में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जाएगी। इसी तरह 7 मई को विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम जल्के एवं कोरबा विकासखंड के ग्राम पहंदा में शिविर का आयोजन किया गया है।

### बीकन स्कूल एसईसीएल का 90.6 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम




**कोरबा। बीकन** इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल एस.ई.सी. एल में कक्षा नर्सरी से 11वीं स्थानीय परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। साथ ही विद्यालय ने कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। हायर सेकेंडरी में वंशिका शर्मा ने 92.6 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, जय प्रकाश 86 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और दीक्षा सह 79 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। हाईस्कूल में तसनीम कौसर ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, आर्यन लहरे 74.3 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और शौर्य मेहता 62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य एम बी गॉटलिब तथा वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति कल्पना मिश्रा की उपस्थिति मे मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। स्थानीय परीक्षा परिणाम परीक्षा प्रभारी घनश्याम पटेल की मौजूदगी में घोषित किए गए। प्राचार्य एम बी गॉटलिब ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासित और नियमित उपस्थिति ही सफलता की कुंजी है तथा शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को दिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं में परमिता बारीक, मंजूषा बारीक, देवेंद्र पांडेय, एस के नाडिग, रश्मि, एन हिनडारिया, डी सिंग, एम जे चौहान, अपराजिता, एस बाघ, निखिल, नरोतम, मिठू चटर्जी, शांतनु, रिया, बीना, यशवंत,ममता, वेद प्रकाश, मंजू, सुजाता, लखन, संतोषी और अरुणा उपस्थित थे।

### अजगरबहार स्कूल का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहर ने इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक एवं उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कर पूरे क्षेत्र में शिक्षा की नई मिसाल कायम कर दी है। संसाधनों की कमी और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद यहां के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह साबित कर दिया कि सच्ची प्रतिभा किसी भी चुनौती को पार कर सकती है। कक्षा 12वीं में लक्ष्मणिया ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। रागनी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आरती कंवर ने 77 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कक्षा में कुल 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और 6 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाई दी है। कक्षा 10वीं में बुधराज ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनिरुद्ध एवं रीना ने 79 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कक्षा में 26 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और 7 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शानदार सफलता के पीछे प्राचार्य श्रीमती अनुपमा राजवाड़े का दूरदर्शी नेतृत्व एवं शिक्षकों का अथक परिश्रम रहा है। विद्यालय में नियमित पढ़ाई के साथ-साथ विशेष कोचिंग, अतिरिक्त अध्ययन सत्र और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई।

### सरस्वती शिशु मंदिर गेवरा का परीक्षा परिणाम घोषित

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेवरा परियोजना का वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 का परिणाम की घोषणा श्रेया महिला मंडल गेवरा क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती रम्भा संजय कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया जिसमे विद्यालय का परिणाम 94 प्रतिशत सफल रहा, जिसमें कक्षा अरुण से प्रथम वंशिका 99.3 प्रतिशत, द्वितीय फ्रेयल 97.3 प्रतिशत एवं तृतीय लक्ष्य कुमार ने 96.6 प्रतिशत प्राप्त किया। इसी प्रकार उदय कक्षा से प्रथम धर्मेश दास 100 प्रतिशत, द्वितीय में निधी ने 94 प्रतिशत और तृतीय में अनन्या ने 93.3 प्रतिशत, पहली कक्षा में प्रथम पवित्रा ने 97.3 प्रतिशत, द्वितीय तन्मय राजवाड़े ने 96.6 प्रतिशत और तृतीय रितिका ने 88.6 प्रतिशत प्राप्त किया, कक्षा द्वितीय में प्रथम आदर्श ने 91.8 प्रतिशत, द्वितीय राजवीर और मुनीष ने 90.4 प्रतिशत और तृतीय स्थान में साक्षी और प्रतिभा ने 86 प्रतिशत प्राप्त किया, कक्षा तृतीय में प्रथम टूकेश ने 93 प्रतिशत, द्वितीय में ऐंजल 89.5 प्रतिशत और तृतीय में सपना ने 84 प्रतिशत प्राप्त किया, कक्षा चतुर्थ में प्रथम सुमन 95.5 प्रतिशत, द्वितीय ज्योति और अरविन्द ने 89.4 प्रतिशत और तृतीय में सिमरन ने 89 प्रतिशत प्राप्त किया, कक्षा छठवीं में प्रथम सूर्यभान 82 प्रतिशत, द्वितीय यश कुमार 75 प्रतिशत, और तृतीय जानवी ने 64 प्रतिशत प्राप्त किया।

# बालको की सुरक्षा प्रणाली बनी उद्योग के लिए मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी बालको ने वित्तीय वर्ष 2026 में लगातार दूसरे वर्ष शून्य सुरक्षा दुर्घटनाएं और

**खास बात**

- लगातार दूसरे वर्ष भी शून्य सुरक्षा दुर्घटनाएं और शून्य चोरी की घटनाएं

शून्य चोरी की घटनाएं दर्ज करते हुए सुरक्षा प्रदर्शन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इन उपलब्धियों के पीछे सुरक्षा टीम के समर्पण और प्रतिबद्धता को सम्मानित करने के लिए कंपनी ने बड़ा खाना 2026 के तीसरे संस्करण का आयोजन किया।

बालको के सीईओ राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारे लिए जीरो हानि और उत्कृष्टता केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हर निर्णय और कार्य को




दिशा देता है। तकनीक के बेहतर उपयोग, मजबूत प्रक्रियाओं और साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ हम सुरक्षा और संरक्षा के क्षेत्र में लगातार अच्छे और स्थिर परिणाम हासिल कर रहे हैं। हमारी टीम का समर्पण और अनुशासन इस सफलता की मुख्य ताकत है। आने वाले समय में हम अपने सिस्टम को और उन्नत करेंगे। वित्तीय वर्ष 2026 के दौरान बालको ने कुल घटनाओं में लगभग 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की और बिना किसी संचालन बाधा के सफल रिकवरी सुनिश्चित की। यह उपलब्धि एक सुदृढ़ सुरक्षा ढांचे के माध्यम से संभव हुई, जिसमें तकनीक-सक्षम निगरानी, डेटा-आधारित विश्लेषण और अनुशासित क्रियान्वयन को संयोजित किया गया। इस दौरान 55 लाख से अधिक बालको एवं व्यावसायिक साझेदार कर्मचारियों की आवाजाही और 1.25 लाख से अधिक वाहन गतिविधियों की निगरानी उन्नत सर्विलांस सिस्टम और जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए की गई। साथ ही 15 सौ से अधिक सुरक्षा मित्रों से प्राप्त रियल-टाइम इंटेलिजेंस के आधार पर लगभग 37 प्रतिशत संभावित घटनाओं को पहले ही रोका गया, जो सामुदायिक सहभागिता आधारित सतर्कता मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें नृत्य और संगीत के साथ-साथ सेंट्रल सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएसओसी) टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता पर आधारित नाट्य प्रस्तुति शामिल थी। सम्मान समारोह के दौरान विभिन्न व्यक्तियों और टीमों कोआपातकालीन प्रतिक्रिया और संचालन अनुशासन में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया।

### दो दिनों में 68 वाहन चालकों पर गिरी गाज



**कोरबा।** जिले सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा दो दिनों के भीतर कुल 68 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई, जिनमें दोपहिया, चारपहिया एवं भारी वाहन चालक शामिल हैं। जांच के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर संबंधित चालकों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई।

# शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के उत्थान का सशक्त उपकरण : कंवर



बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं बल्कि समाज के उत्थान का सशक्त उपकरण है। हर छात्र नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी से आगे बढ़ने चाहिए।

उक्ताशय के उदगार सेवानिवृत्त प्राचार्य तारासिंह कंवर ने सरगबुंदिया में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। जिले के 10 वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन बीमा सेवा केन्द्र सरगबुंदिया के उत्कृष्ट बीमा अभिकर्ता मनोज कुमार गुप्ता ने मेधावी छात्र छात्राओं का स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा सर्वोपरि है, शिक्षा व्यक्ति को आत्मविश्वास, विवेक और कौशल प्रदान करती है, जो सफलता के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर संवर्धन बालक छात्रावास बरपाली के संचालक सनत रजक ने कहा कि विद्यार्थियों को दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य तक पहुंचने की बात कही। वरिष्ट पत्रकार जी. डी. मिश्रा ने भी मेधावी छात्र छात्राओं को संबोधित किया। सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थियों में खुशी देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरेली, पुष्पेंद्र कश्यप तुषार बरेठ, शासकीय उच्चतर विद्यालय सनडैल, पुरनेश डहरिया शासकीय उच्चतर विद्यालय गोंढ़ही, नितीन कुमार, कु. लावन्या, कु. संध्या कश्यप,हिमेश, आशुतोष हलवाई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक पी एम श्री विद्यालय तिलकेजा, मनु राठिया, कु. प्राची केवट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के पालक,अभिभावको को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में मोहन लाल यादव, एस कुमार श्रीमती वृंदा ,विनीता गुप्ता सुखीराम कश्यप का योगदान रहा।

### सीटू कार्यालय में मनाया गया मजदूर दिवस

**बालको।** सीटू बालको के द्वारा यूनियन कार्यालय में मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान संगठन द्वारा बाईक रैली बैंड बाजा के साथ बालको नगर में निकाला गया। रैली बालको सिविक सेंटर सेक्टर-3, सेक्टर-4, सेक्टर-1,2 और 5, परसाभाटा प्लांट गेट होते हुए यूनियन कार्यालय वापस पहुंची। प्रदेश महासचिव कॉमरेड एसएन बैनर्जी द्वारा मजदूर दिवस के इतिहास और वर्तमान परिस्थितियों में मजदूर की भूमिका व हालात पर विस्तृत जानकारी साझा की। संघ के अध्यक्ष कॉमरेड एस.घोष के द्वारा सीटू सेंटर द्वारा प्रेसित घोषणा पत्र को पढ़कर सुनाया। साथ ही मजदूरों पर हो रहें निरंतर हमले और सरकार के द्वारा मजदूर, किसान पर किये जा रहें दमनकारी नीतियों के बारे में बताया। संगठन द्वारा विभिन्न विभाग के मजदूरों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रशांत झा, जीडी महंत, आरडी चंद्रा, पन्ना लाल बांधे, मंगल सिंह उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क./....................
अ-6(अ)/2025-26
ग्राम बुंदेली प.ह.नं. 05
तहसील कटघोरा जिला कोरबा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम बुंदेली प.ह.नं. 05 रा.नि.नं. जवाली तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीनदयाल यादव पिता फर्राज यादव, जाति यादव, निवासी ग्राम बुंदेली तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ०ग०) के द्वारा ग्राम बुंदेली स्थित खसरा नं. 12/2, 41/4, 41/7, 99/1, 115/2, 123, 136/1, 144/1, 148/2, 152/1, 99/5, 163/2 कुल रकबा 0.449 हे. भूमि आवेदक के नाम पर ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदक के पिता का नाम त्रुटिवश नानही उर्फ फर्राज दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर सभी राजस्व अभिलेखों में फर्राज यादव पिता स्व. सम्पत यादव का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 07/05/26 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान - कटघोरा

**नायब तहसीलदार**
**कटघोरा**

**समक्ष श्रीमान नोटरी पब्लिक कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ०ग०)**

**शपथ-पत्र**

मैं देवानंद आदित्य लगभग उम्र-34 वर्ष पिता मन्नू राम आदित्य निवासी मकान नं एल.सी.एच.47, चटाईनार बांकीमोंगरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) का होकर शपथपूर्वक कथन करता हूँ-

01. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ मेरा आधार नं. 6484 7377 9897 है।

02. यह कि मेरे पुत्र लक्की आदित्य का जन्म प्रमाण पत्र में नगर पालिक निगम कोरबा छ.ग. से बनवाया है जिसका पंजीकरण संख्या B-2022:22-90172-003741 जारी दिनांक 08/09/2022 है।

03. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम (DEVANAD ADITYA) एवं मेरी पत्नी आरती (ARATI KANWAR) त्रुटिवश दर्ज हो गया है।

04. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र मेरा नाम वास्तविक एवं सही नाम (DEVANAND ADITYA) एवं मेरी पत्नी का नाम आरती आदित्य (AARTI ADITYA) है जो मेरे एवं मेरी पत्नी के आधार कार्ड में दर्ज है।

05. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम देवानंद आदित्य (DEVANAND ADITYA)एवं मेरी पत्नी का नाम आरती आदित्य (AARTI ADITYA) का सही नाम दर्ज करवाना चाहता हूं।

06. यह कि यह शपथ पत्र मेरे द्वारा संबंधित के कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**देवानंद आदित्य**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीषा पिता इतवार सिंह जाति कोरवा, निवासी कटसीरा तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के अपने स्वयं मनीषा पिता इतवार सिंह की जन्म दिनांक 08.05.2004 स्थान कटसीरा तहसील दीपका में घर में जन्म होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो वे दिनांक 08/05/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है नियत निधि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 23/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**



तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 5 मई 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

2

शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के उत्थान का सशक्त उपकरण : कंवर




## खबर संक्षेप

### खैरवार समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। ग्राम पंचायत ढोंगदरहा के आश्रित ग्राम सालिहाभाठा में खैरवार समाज के लिए सामुदायिक भवन के भूमिपूजन के साथ ही क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों को भी स्वीकृति दी गई है। इस दौरान क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और सामाजिक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है, ताकि हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे। ग्रामीणों ने भी अपनी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक लगातार गांव-गांव पहुंचकर समस्याएं सुन रहे हैं और उनके समाधान के लिए सक्रिय पहल कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है।

### जमीन अफरा तफरी के मामले में प्रोफेसर भेजे गए जेल

**कोरबा।** जमीन खरीदी-बिक्री के धोखाधड़ी के मामले में दोनों पक्षों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील की गई थी जहां मामले को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी के न्यायालय में सौंपा गया था जहां मामले की सुनवाई हुई और धोखाधड़ी के मामले में प्रोफेसर की सजा को यथावत करते हुए जेल भेज दिया गया है। न्यायालयीन सूत्रों के मुताबिक जमीन के अफरा तफरी के मामले में पुलिस ने पूर्व में प्रोफेसर सुरेश चंद तिवारी और उसकी पत्नी सुधा तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था और न्यायालय में पेश किया था। जहां पूर्व में सजा सुनाई गई थी जिसे लेकर दोनों ही पक्षों ने मामले को अपील में डाला था जहां मामले की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ममता भोजवानी के न्यायालय में चल रही थी जहां न्यायालय में मामले में निर्णय पारित करते हुए प्रोफेसर सुरेश चंद तिवारी के तीन वर्ष सश्रम कारावास को यथावत करते हुए 10 हजार रुपए का अर्थदंड और अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाते हुए उसे जेल भेज दिया गया है और उसकी पत्नी सुधा तिवारी को दोषमुक्त किया गया है।

### सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को दी गई विदाई

**रजगामार।** प्राथमिक शाला रजगामार के प्रधानपाठक शिवप्रसाद कौशिक के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर श्रीमती उषा दिनेश कुर्रे जनपद सदस्य, सरपंच हरि सिंह राठिया, लक्ष्मी श्रीवास अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, जितेंद्र कुमार राठौर, पंच पूर्व उपसरपंच, जागेश्वर महिलांगे मैनेजर एसईसीएल, स्वयंप्रभा मित्र बैंक प्रबंधक, प्राचार्य श्रीमती त्रिवेणी भास्कर मंचस्थ रहे। प्राचार्य त्रिवेणी भास्कर ने श्री कौशिक के बारे में बताया कि उनके द्वारा समाज के उन जरूरतमंद लोगों को सहयोग करना जिन्हें आर्थिक सहयोग की आवश्यकता थी। उन्होंने अपने सेवाकाल में कई छात्रों को पढ़ाई में सहयोग प्रदान किया उनके द्वारा 6 विद्यार्थियों को पढ़ाई में सहयोग प्रदान किया गया जिनमें तीन शासकीय सेवा में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने जीवन पर्यंत जरूर मंद छात्रों को सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर निलम रात्रे, धन-लक्ष्मी राव, पैकरासर, सेवालाल साहू, हीरादास रात्रे, अहिल्या साहू, प्रमिला केसरवानी, कंचन आर्य यादव, नेहा चंद्रा, यशोदा नेहरा, चंद्रभूषण, रोहित साहू, अनीता, अंजू तिर्की, कृष्णा गौतम, निरुपमा पटेल, निरुपमा मांझी, दीपक राठौर, रवीकुमार आदि उपस्थित थे।

# पहाड़ों से घिरे पिछड़े जनजातीय ग्रामों में पहुंची पीएम जनमन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखण्ड के दूरस्थ, पहाड़ी और जंगलों की गोद में बसे जामभाठा, सोनारी और आसपास के छोटे-छोटे पारा-टोले, जहाँ वर्षों से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और पंडो परिवार निवास करते आ रहे थे। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह क्षेत्र जितना सुंदर था, उतना ही कठिन भी।

गाँव तक आने-जाने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं थी। लोग पथरीली और ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों से गुजरते थे। बारिश के दिनों में कीचड़ और फिसलन से रास्ता और भी खतरनाक हो जाता था। बीमार को अस्पताल ले जाना हो, किसी बुजुर्ग को बाहर ले जाना हो या बच्चों की पढ़ाई, हर कदम संघर्ष से भरा हुआ था। ग्राम देवपहरी मुख्य मार्ग से भीतर के इन गाँवों तक पहुँचना कई बार ऐसा लगता था जैसे दुनिया से कटकर एक अलग पहाड़ी द्वीप में प्रवेश कर रहे हों। लोगों को राशन लाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था और फिर सिर पर बोरा रखकर उसी कच्चे, पथरीले रास्ते से लौटना पड़ता था। बरसात में तो कोई वाहन आने को तैयार ही नहीं होता था, जिससे गाँव का संपर्क लगभग टूट जाता था। प्रधानमंत्री की पहल के पश्चात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में इस योजना के अंतर्गत जामभाठा, सोनारी और आसपास के टोला-पारा तक पक्की सड़क पहुँचाने का निर्णय लिया गया। लगभग 3.60 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पहाड़ी और पथरीले भू-भाग पर एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन संकल्प और प्रयासों ने इसे संभव बना दिया। अब न सिर्फ आवागमन आसान हुआ है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सुविधाओं तक पहुँच भी सरल हो गई है।

### विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों का आवागमन हुआ आसान

**खास बातें**

- सोनारी व जामभाठा जैसे दुरस्थ अंचल क्षेत्रों में बरसात के समय ग्रामीणों को पहुंचना होता था मुश्किल



## 27 अप्रैल की दरमियानी रात ट्रेलर के चालक ने उड़ाया था ट्रैफिक पोल

# सात दिन बीत जाने के बाद भी टीपी नगर ध्वस्त ट्रैफिक सिग्नल नहीं हो पाया खड़ा



वह स्थान जहां लगा था ट्रेफिक सिग्नल।



शाम को बनती है जाम की स्थिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने एक सप्ताह पूर्व टीपी नगर चौक में तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चौक में लगे ट्रैफिक सिग्नल के खंबे को ध्वस्त कर दिया था। जिससे विद्युत पोल, कैमरा सहित अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गई थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी राघव कंपनी द्वारा अब तक सुधार कार्य नहीं किया गया है। जिससे देर शाम टीपी नगर चौक में जाम की स्थिति निर्मित होती है।

उल्लेखनीय है कि 27 अप्रैल की दरमियानी रात एक ट्रेलर चालक ग्राम परला खतौउहा पारा थाना बांगो निवासी रामलाल अगरिया उम्र 24 वर्ष पिता धनसिंह अगरिया के द्वारा अपने ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12बीजी 7284 को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टीपी नगर चौक में लगे ट्रैफिक सिग्नल और पोल में लगे एडवर्टाइजिंग पोल को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में ट्रैफिक सिग्नल पोल, यातायात सूचक लाइट, विज्ञापन बोर्ड, काउंटडाउन टाइमर एवं निगम का कैमरा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। घटना की सूचना रायपुर की कंपनी राघव को दी थी। कंपनी के कुछ कर्मचारी विगत दिनों शहर पहुंचे थे और ध्वस्त हुए ट्रैफिक सिग्नल को अपने साथ भी ले गए थे लेकिन 7 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक ट्रैफिक सिग्नल का पोल लग नहीं पाया है ना ही ठोस पहल की गई है। शहर के सबसे व्यस्ततम चौक में टीपी नगर चौक है जहां चारों दिशाओं से वाहनों का आना-जाना होता है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं। शाम के समय सबसे ज्यादा इस मार्ग में भारी वाहन गुजरते हैं और शाम के समय ही जाम की स्थिति निर्मित होती है। जल्द ही यदि इस ट्रैफिक सिग्नल का सुधार कार्य चालू नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में और भी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### चालक के खिलाफ पुलिस ने किया था मामला दर्ज

जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। 27 अप्रैल को रजगामार गायत्री नगर निवासी दिनेश कुमार आदित्य पिता धनाराम आदित्य उम्र 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह राघव एडवरटाइजिंग कम्पनी में कार्यरत है तथा कोरबा शहर में ट्रैफिक सिग्नल के मेंटेनेंस का कार्य करता है। रात्रि लगभग 1:30 बजे टीपी नगर चौक स्थित के सामने ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीजी 7284 का चालक वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रैफिक सिग्नल में लगे एडवर्टाइजिंग पोल को टक्कर मार दिया। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग विद्युत आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी ग्राम बस्ती में तेज आंधी और बारिश के बीच ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धूं-धूं कर जलने लगा। दमकल के समय पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने खुद ही मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम करीब 7 बजे अचानक मौसम बिगड़ा और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकली और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया।

बताया जा रहा है कि अत्यधिक गर्मी, तारों की जर्जर स्थिति और लीकेज के कारण वायर आपस में टकराए, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ। घटना के दौरान आसपास दमकल वाहन उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ग्रामीणों ने रेत, मिट्टी और पानी की मदद से घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल चुका था। आग की घटना के बाद पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। उसी समय एक घर में शादी समारोह भी चल रहा था, जिससे मेहमानों को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। खाना बनाने और अन्य व्यवस्थाओं में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रात में ही सुधार कार्य शुरू कर दिया। हालांकि बिजली आपूर्ति सामान्य होने में कई घंटे लग गए। ग्रामीणों का कहना है कि छुरी बस्ती एक औद्योगिक क्षेत्र है, जहां कई फैक्ट्रियां संचालित हैं, लेकिन एनटीपीसी को छोड़कर कहीं भी फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं है। लोगों ने मांग की है कि सभी उद्योगों में अनिवार्य रूप से दमकल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई हो सके।

**खास बात**

- आंधी तूफान और बारिश के बाद चरमराई व्यवस्था



आग से जलता ट्रांसफार्मर

# अब उपभोक्ताओं को घर बैठे मिलेगा नया बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए नई सौगात दी गई है। बिजली विभाग ने नया कनेक्शन लेने के लिए बार-बार दफ्तर जाने से मुक्ति दिलाने हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से सुगम बना दिया है। अब घर बैठे ही कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा सरलता लाना है।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने उपभोक्ताओं की सेवा में विस्तार करते हुए 1 अप्रैल से नवीन विद्युत कनेक्शनों के आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः ऑन लाइन करने की सुविधा प्रारंभ की है। अब लोगों को नवीन कनेक्शन हेतु विद्युत कार्यालय जाने की आवश्यकता नही होगी। नवीन कनेक्शनों के ऑन लाइन आवेदन मोर बिजली एप एवं सीएससी में कंपनी वेबसाइट के माध्यम से भी कर सकता है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की वेबसाइट पर पंजीकृत ऑन लाइन नवीन कनेक्शनों के आवेदनों पर विद्युत कंपनी द्वारा आगामी कार्यवाही संपादित की जाएगी। ऐसे आवेदक जो आवेदन ऑन लाइन नहीं कर भौतिक रूप से वितरण केन्द्र, जोन, उपसंभाग कार्यालय में प्रस्तुत करते हैं, उनके आवेदनों को ऑन लाइन कनेक्शन वितरण केन्द्र, उपसंभाग, जोन कार्यालयों के हेल्प डेस्क हेतु जिम्मेदार ऑफिस स्टॉफ, कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता द्वारा कार्यालय के कम्प्यूटर सिस्टम में ऑन लाइन पंजीबद्ध करना होगा। आवेदन आवेदक के मोबाइल नम्बर से ही ऑनलाइन पंजीकृत किया जाएगा।

**खास बात**

- वेहतर सुविधा देने विभाग की नई पहल : अम्बस्थ



श्री अम्बस्थ

# ग्राम पंचायतों से निकल गया क्यूआर कोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायतों के लिए जारी होने वाली राशि से होने वाले खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए ग्राम पंचायत भवन में लगाए जाने वाले क्यूआर कोड अब नजर नहीं आ रहे हैं। सुशासन तिहार में अधिकारियों से ऐसी भी शिकायतें सामने आई है। पंचायत जन प्रतिनिधि पारदर्शिता के कार्यों में बाधा पहुंचा रहे हैं।

जनपद से लेकर जिला पंचायत तक होने वाली सामान्य सभा की बैठक में स्थानीय एजेंडों को लेकर विभागीय अधिकारियों के समीक्षा करने वाले जनप्रतिनिधि अपने ही क्षेत्र में शासकीय राशि के खर्च के ब्यौरे में पारदर्शिता लाने के संबंध में दिलचस्पी नहीं दिखाते। ऐसे मामल अब सुशासन तिहार में मिल रही शिकायतों में सामने आ रहे हैं। जिसमें कई बड़ी ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत भवन में क्यूआर कोड नहीं लगे हैं। पंचायतों में क्यूआर कोड अधिकारियों के निर्देश पर शुरुआती दौर में लगाए गए थे, वह भी निकाल लिए गए हैं। क्यू आर कोड लगाए जाने की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों को दी गई थी। पंचायत सचिव अपनी गड़बड़ी छिपाने के उद्देश्य से क्यूआर कोड लगाने में रूचि नहीं ले रहे हैं। वहीं पंचायत के सरपंच व पंच के साथ ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बातें**

- योजनाओं सहित खर्च की जानकारी होती थी सार्वजनिक
- सुशासन तिहार में आ र ही शिकायतें सामने

### अधिकारियों ने नहीं किया पंचायतों का निरीक्षण

दफ्तरों में बैठकर पंचायत भवन में क्यूआर कोड लगाए जाने का निर्देश देने वाले अधिकारियों ने उनके निर्देशों का किस तरह पंचायतों में अमल हो रहा है इसका निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायतों के भवन में क्यूआर कोड नजर नहीं आ रहे हैं। जबकि इनके जनप्रतिनिधि प्रतिदिन जनपद व जिला पंचायत के चक्कर काटते नजर आते हैं। इनमें ग्राम पंचायत दोंदरो व बेला, जामबहार, रजगामार, नकटीखार जैसी शहर से लगी ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इन पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर भी ग्रामीणों ने शिकायत की है। सीसी रोड निर्माण के दौरान कितनी राशि पंचायत में जारी हुई इसकी भी जानकारी पंच तक को नहीं दी गई है।

### 15 वित्त की राशि पंचायतों को हुई जारी

ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को लेकर 15 वित्त में जारी होने वाली राशि अप्रैल महीने में ही पंचायतों को जारी कर दी गई है। उक्त राशि से छोटे मोटे मूलभूत विकास के कार्य कराए जाते हैं। बड़ी ग्राम पंचायतों में 15 वित्त की राशि में भी गड़बड़ी की शिकायतें ग्रामीणों के द्वारा जिला प्रशासन को जनदर्शन में की गई। ऐसे मामले जनपद पंचायत पाली के चैतमा और इरफ, बक्साही आदि ग्राम पंचायतों में सामने आ रहे हैं।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर उद्योग मंत्री ने झालमुड़ी व मिठाई बांटकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद जिले में उत्साह का माहौल है। कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी सहित भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने टीपी नगर चौक में पटाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान आम नागरिकों के बीच मिठाई एवं झालमुड़ी वितरित कर खुशी साझा की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एक-दूसरे को बधाई देते हुए पार्टी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा को मिले ऐतिहासिक, अभूतपूर्व एवं प्रचंड जनादेश केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। जनता ने तुष्टिकरण एवं नकारात्मक राजनीति को नकारते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं विकसित भारत के संकल्प पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। यह गौरवपूर्ण परिणाम प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व और सबका साथ, सबका विकास के संकल्प की विजय के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, सशक्त संगठनात्मक क्षमता एवं कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार, मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, अमित टमकोरिया, परविंदर सिंह, राकेश नागरमल अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, पार्षद श्रीमती धनश्री साहू, नरेंद्र देवांगन, मोंटी पटेल, अखिलेश पांडे, लक्ष्मीकांत जोशी, श्रीमती कविता सोनी के साथ-साथ बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बंगाल जीत पर जश्न मनाते उद्योग मंत्री, महापौर व अन्य।



## खबर संक्षेप

### नशामुक्ति की ओर बढ़ते कदम ग्राम पंचायत तेलसरा की प्रेरक पहल

**कोरबा।** ग्राम पंचायत तेलसरा, जनपद पंचायत कटघोरा में नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली डिपरापारा से बैगाकुड़ा तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। भारत माता वाहिनी दल के सदस्यों ने नारे और स्लोगन के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया और जागरूकता फैलाने के लिए नशामुक्ति साहित्य का वितरण किया। रैली के दौरान आमजन को नशा त्यागने और नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक हरीश सक्सेना द्वारा नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी गई। रैली में सुश्री दीपमाला नामदेव, उपनिरीक्षक आबकारी, जनपद सदस्य सुफूल दास, सरपंच श्रीमती इंदु मिथलेश कंवर, उपसरपंच विनय कंवर, पंच जयपाल सिंह कंवर, परिवीक्षा अधिकारी एमके दिवाकर, ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती लता पटेल, अजय साहू तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का योगदान रहा। यह रैली ग्राम पंचायत तेलसरा सहित पूरे क्षेत्र में नशामुक्ति के संदेश को मजबूत करती है और समाज में एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरक कदम के रूप में स्थापित होती है।

### महुआ व देशी शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**सक्ती।** आबकारी वृत्त सक्ती की टीम ने खैरा और रानीगांव में कार्रवाई करते हुए देशी शराब व कच्ची महुआ शराब के साथ महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती कलेक्टर के निर्देश पर और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में 4 मई को आबकारी वृत्त सक्ती ने ग्राम खैरा थाना नगरदा में एक क्रेता से महुआ मदिरा खरीदी की पुष्टि की गई। जिस पर पुलिस ने मोहन राम कलार पिता धनसाय कलार उम्र 45 वर्ष के रहवासी मकान में जांच कार्यवाही करने पर उसके मकान से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखा 63 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 150 मिली मदिरा कुल मात्रा 9.45 लीटर मदिरा महुआ मदिरा बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसी तरह ग्राम रानीगांव थाना बाराद्वार में फिरतीन बाई पति नेकीराम उम्र 57 वर्ष के रहवासी मकान से 29 नग गोवा स्पेशल मदिरा पाव और 1 नग यूनिक प्लेन शराब पाव बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया।

## महापौर, आयुक्त, सभापति सहित संबंधित वार्ड के पार्षदों की रही उपस्थिति

# समय पर कार्य प्रारंभ नहीं करने वाली निर्माण एजेंसियों को किया जाए ब्लेक लिस्टेड : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आमजन को सुविधा प्रदान करने व शहर के विकास हेतु किये जाने वाले विकास व निर्माण कार्यों में लापरवाही कतई स्वीकार्य नहीं होगी। जो निर्माण एजेंसियाँ समय पर कार्य प्रारंभ नहीं करती तथा कार्यों के प्रति उदासीनता प्रदर्शित करती है, उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया जाए ताकि शहर का विकास कार्य प्रभावित न हों तथा आमनागरिकों की समस्याएं दूर हों, समय पर उन्हें विकास कार्यों का लाभ मिल सके। यदि किसी विकास कार्य को करने में कोई मैदानी समस्या आती है, तो उस कार्य को सीधे निरस्त करने की कार्यवाही न करें, बल्कि स्थिति से मुझे अवगत करायें, समस्या का समाधान होगा तथा उक्त कार्य संपादित होगा।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने विकास कार्यों व नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा


अधिकारियों की बैठक लेते उद्योग मंत्री।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम के अधिकारियों व वार्ड पार्षद एवं कोरबा जोन के वार्डों के विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि टीपी नगर व कोरबा जोन के 18 वार्डों में वर्तमान में 175 विकास कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कुछ प्रगति पर हैं तथा कुछ कार्य प्रारंभ कराये जाने हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुडे. कार्यों विशेषकर पेयजल, स्ट्रीट लाईट व साफ-सफाई आदि से संबंधित शिकायतों व समस्याओं का निर्धारित समयसीमा के अंदर निराकरण कर दिया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। हमारा संकल्प है कि निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य कराएं जाएं, वार्डो के नागरिकों की मांग व उनकी आवश्यकता को देखते हुए विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार हों एवं वार्डवासियों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य किए जाएं। निगम के अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि अधिकारी कर्मचारी आमजनता की समस्याओं के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील रहते हुये उनकी शिकायतों व समस्याओं का त्वरित निराकरण करायें तथा आमजनता की अपेक्षाओं, उनकी मांगों व आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने शासकीय योजनाओं की समीक्षा भी किए। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अधिकारियों से कहा कि केन्द्र राज्य व निगम में हमारी सरकार है, इसका पूरा-पूरा लाभ निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिले, इस संकल्प के साथ हम काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन के सहयोग से निगम क्षेत्र के विकास हेतु लगातार धनराशि प्राप्त हो रही है।

### डिजिटल जनगणना कार्य का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** जिले में जनगणना-2027 के कार्य का शुभारंभ किया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशन में जिले के सभी चार्ज क्षेत्रों में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक फील्ड में उतरकर हाउस-लिस्टिंग ब्लॉक की पहचान करते हुए घर-घर सर्वेक्षण कर रहे हैं। जिले के 6 नगरीय निकाय-नगर पालिक निगम के 7 जोन में शुरू किया गया है।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# अब आंगनबाड़ी में बनेगी अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन से छह वर्ष तक के बच्चों की अपार आईडी अब आंगनबाड़ी केंद्रों में बनेगी। इस व्यवस्था से क्लास-1 में प्रवेश के दौरान दस्तावेजों की परेशानी कम होगी। अब तक अपार आईडी बच्चों के पहली कक्षा में पहुंचने के बाद स्कूलों में बनाई जाती थी लेकिन अब प्रक्रिया में बदलाव करते हुए आंगनबाड़ी में ही अपार आईडी की व्यवस्था कर दी गई है। जिससे खासतौर पर निचले और गरीब तबके से आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी।

दरअसल अपार आईडी बच्चों का एक स्थायी शैक्षणिक रिकॉर्ड होता है। जिसमें नाम, जन्मतिथि, निवास और जाति प्रमाणपत्र जैसी मूलभूत जानकारियां दर्ज रहती हैं। आंगनबाड़ी स्तर पर यह रिकॉर्ड बन जाने के बाद स्कूल में एडमिशन के वक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस आईडी से देश के




किसी भी हिस्से में आसानी से प्रवेश मिल सकेगा। स्कूल की पढ़ाई खत्म होने के बाद उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए कॉलेज में दाखिले के वक्त भी अपार आईडी की आवश्यकता पड़ती है। अपार 12 अंकों की एक यूनिक आईडी होती है। इसमें बच्चों का संपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज कक्षावार अंकसूची, प्रशस्तिपत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र शामिल किए गए है। शिक्षण संचालनालय ने इसकी शुरूआत की है। दस्तावेज गुमने पर यह आनलाइन रिकार्ड के रूप में उपलब्ध रहता है। इसके आधार पर दूसरी प्रति प्राप्त की जा सकती है। स्कूल में पढ़ाई पूरा करने के बाद कभी भी 12 अंकों के आधार दस्तावेज प्राप्त किया जा सकता है। स्कूल की पढ़ाई के बाद विश्वविद्यालय में पंजीयन करवाते वक्त भी अपार आईडी की आवश्यकता होती है। इसके बिना पंजीयन की प्रक्रिया को पूर्ण नहीं किया जा सकता। आपार आईडी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का नाम पहले से दर्ज रहता है, इसलिए सही जानकारी के आधार पर आईडी बनाना आसान प्रक्रिया है। अक्सर देखा जाता है कि आधार कार्ड में नाम या अन्य विवरण गलत होने से स्कूल में दाखिले के समय परेशानी होती है। नई व्यवस्था से इस तरह की दिक्कतें कम होंगी और प्रवेश प्रक्रिया सरल बनेगी। बच्चों के एडमिशन के वक्त आधार कार्ड में गलत नाम अंकित होने पर अभिभावकों को दाखिल रजिस्टर वास्तविक नाम, जाति लिखवाने से परेशानी होती है। बच्चों के जन्म लेने के साथ आंगनबाड़ी में नाम जुड़ जाता है।

### सामाजिक बैठक कर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम डिंडोलभांठा में सचिव बिसाहू सिंह राज के निवास में 1 मई को सामाजिक बैठक कर सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया गया। इस दौरान एक वर्ष की आय व्यय का लेखा हिसाब किया गया एवं अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर में सामाज के द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगा कर मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष गंगाराम मरकाम, सचिव छत्रपाल सिंह, ग्राम सचिव बिसाहू सिंह राज, समार सिंह, कृपाल सिंह, महेश सिंह, राजकुमार, जयपाल, अमर सिंह, इतवार सिंह, छत्तर सिंह, राय सिंह उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

